म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26, अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल

क्र0 / भा0भु0यो0 / 2018–19 / रबी–14 / 3667 भोपाल, दिनांक 20 मार्च, 2019
प्रति

कार्यपालन यंत्री
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
आंचलिक कार्यालय –................ (समस्त)

विषय :– रबी वर्ष की 2019 "जय किसान समृद्धि योजना" अंतर्गत मंडियों तथा मेसर्स आईटीसी लिमिटेड के खरीदी केन्दों की देशांतर एवं अक्षांश उपलब्ध कराने बाबत्।

संदर्भ :– प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग का ज्ञाप कमांक / बी–16–3 / 2019 / 14–2 दिनांक 07 मार्च, 2019

संदर्भित पत्र द्वारा प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग का ज्ञाप कमांक / बी–16–3 / 2019 / 14–2 दिनांक 07 मार्च, 2019 द्वारा रबी वर्ष की 2019 जय किसान समृद्धि योजना अंतर्गत पंजीकृत कृषकों द्वारा गेहूं के विकय करने हेतु विकय अवधि दिनांक 25 मार्च से 23 मई 2019 नियत की गई है। गेहूं की उपार्जन अवधि बढोत्तरी की दशा में मंडी में उपरोक्तानुसार विकय अवधि स्वयंमेव मान्य होगी।

प्रदेश में रबी 2018–19 (रबी मार्केटिंग सीजन 2019–20) में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन करने वाली प्राथमिक सहकारी समितियों तथा मंडी में न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे अथवा न्यूनतम समर्थन मूल्य से ऊपर बेचे गये हो, दोनों स्थितियों में गेहूं की प्रोत्साहन राशि पंजीकृत किसानों को देय होगी। उक्त के अतिरिक्त मंडी बोर्ड द्वारा मेसर्स आईटीसी लिमिटेड–(एबीडी) को एकल लायसेंस प्रदान किये गये है, जिन पर विकय करने वाले पंजीकृत किसानों को पात्रतानुसार योजना का लाभ दिया जावेगा।

जय किसान समृद्धि योजना अंतर्गत रबी विपणन वर्ष 2019 में कृषि उपज लाने वाले वाहनों के लिए इलेक्ट्रॉनिक प्रवेश पर्ची जारी किया जाना है। जिस हेतु मंडी प्रांगण एवं आईटीसी के केन्द्रों की देशांतर एवं अक्षांश की आवश्यकता है। अतः एक्सेल शीट में देशांतर एवं अक्षांश निम्नानुसार प्रारूप में आज ही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

कमांक	संभाग का नाम	मंडी का नाम	अक्षांश	देशांतर
1	2	3	4	5

(फैज़ अहमद किदवई)
प्रबंध संचालक सह आयुक्त
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

Scanned by CamScanner

क्रं0 / भा0भु0यो0 / 2018–19 / रबी–14 / 3668 भोपाल, दिनांक 20 मार्च, 2019

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. अपर संचालक (समस्त), म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।
2. अधीक्षण यंत्री, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड तकनीकी संभाग –.......... (समस्त)।
3. नोडल अधिकारी / मंडी सचिव, कृषि उपज मंडी समिति – .... जिला – ..... (समस्त)।
4. उपयंत्री, कृषि उपज मंडी समिति – .... जिला – .... (समस्त)।

आयुक्त सह प्रबंध संचालक
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

Scanned by CamScanner